**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 24 अगस्त, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन, राँची में नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 1 से 4 अगस्त, 2026 तक आयोजित 18वीं वर्ल्ड अर्निस चैंपियनशिप-2026 में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों ने भेंट की। राज्यपाल महोदय ने पदक विजेता खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त करना खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों से आगे भी इसी समर्पण के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश एवं झारखण्ड का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

उक्त अवसर पर कोच श्री विश्वजीत कुमार के साथ प्रतिभागी लखन उराँव, आरित उराँव, अध्विक उराँव, ईशान भगत एवं कुमकुम विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।